भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4476

उत्तर देने की तारीख 28 मार्च, 2023
7 चैत्र, 1945 (शक)

खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेल अकादमी

4476. श्री ए. राजा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु सहित देश में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कुल कितनी मान्यताप्राप्त खेल अकादमी हैं और उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में खेल अवसंरचना परियोजनाओं के लिए स्वीकृत राशि का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तमिलनाडु सरकार ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राज्य में खेल कार्यकलापों और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान प्रदान करने का अनुरोध किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) खेलो इंडिया स्कीम के तहत तमिलनाडु राज्य की 18 खेल अकादमियों सहित कुल 266 खेल अकादमियों को मान्यता दी गई है। इसका राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-I में है।

(ख) से (घ) इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम के तहत तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में संस्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और परियोजना-वार जारी की गई धनराशि की स्थिति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****

''खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेल अकादमी'' के संबंध में श्री ए. राजा माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 28.03.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4476 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

खेलो इंडिया स्कीम के तहत मान्यता प्राप्त खेल अकादमियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	मान्यता प्राप्त अकादमियां
1	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	0
2	आंध्र प्रदेश	0
3	अरुणाचल प्रदेश	3
4	असम	7
5	बिहार	0
6	चंडीगढ़	4
7	छत्तीसगढ	1
8	दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	0
9	दिल्ली	9
10	गोवा	1
11	गुजरात	16
12	हरियाणा	15
13	हिमाचल प्रदेश	6
14	जम्मू और कश्मीर	2
15	झारखंड	10
16	कर्नाटक	33
17	केरल	13
18	लद्दाख	0
19	लक्षद्वीप	0
20	मध्य प्रदेश	17
21	महाराष्ट्र	31
22	मणिपुर	12
23	मेघालय	0
24	मिजोरम	0
25	नगालैंड	0
26	ओडिशा	8
27	पुदुचेरी	0
28	पंजाब	25
29	राजस्थान	5
30	सिक्किम	0
31	तमिलनाडु	18
32	तेलंगाना	12
33	त्रिपुरा	0
34	उत्तर प्रदेश	10
35	उत्तराखंड	0
36	पश्चिम बंगाल	8
	योग	**266**

****